**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने एनईपी-2020 के प्रमुख प्रावधानों के साथ दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

# वि.वि. ने दिया 3 व 4 वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम का विकल्प

फरीदाबाद, 30 मई (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2023 है।

एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि, विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी



मिलेगा। एनईपी-2020 के प्रावधानों को सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय के साथ-साथ सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय आगामी सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी) के रूप में नया पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है।

छात्र-केंद्रित नई पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन और विविध विकल्प प्रदान करेगी। ऑनर्स, ऑनर्स विद रिसर्च, और माइनर-डिग्री प्रोग्राम को शामिल करने के विकल्प प्रदान करके, विश्वविद्यालय शिक्षा को और अधिक व्यवहारिक तथा विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में लचीलेपन से विद्यार्थियों के सीखने के दायरे में विस्तार होगा तथा उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एनईपी 2020 के क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के लिए समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश कर रहा है। एनईपी-2020 पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे। प्रथम वर्ष के पूरा होने पर, एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को यूजी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। इसी तरह दूसरे वर्ष के बाद एग्जिट विकल्प चुनने वालों को यूजी डिप्लोमा प्राप्त होगा। हालांकि, ऐसे विद्यार्थियों को पहले और दूसरे वर्ष के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चार-चार क्रेडिट का एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी पूरा करना होगा। इसके उपरांत न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 3-वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को यूजी डिग्री प्रदान की जायेगी। एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को तीन साल के भीतर डिग्री प्रोग्राम में फिर से प्रवेश करने और सात साल की कुल अधिकतम अवधि के भीतर डिग्री पूरी करने का विकल्प होगा। प्रो. निगम ने बताया कि चार वर्षीय यूजी ऑनर्स की डिग्री उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जो न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए 4 साल के डिग्री पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। पहले छह सेमेस्टर में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चौथे वर्ष के दौरान स्नातक स्तर पर शोध करने (ऑनर्स विद रिसर्च) का अवसर मिलेगा जोकि एक संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए अपने प्रमुख विषय में किसी शोध परियोजना या शोध प्रबंध पर काम करेंगे।

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# HINDUSTAN

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में दाखिला कार्यक्रम जारी, अभ्यर्थी 20 जून तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

# स्नातक के साथ माइनर डिग्री का भी विकल्प

मिशन एडमिशन

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। इस बार छात्रों को चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के साथ माइनर डिग्री का भी विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही मल्टीपल एंट्री और एग्जिट के विकल्प भी छात्रों को उपलब्ध होंगे।

विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थी 20 जून तक अपने आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन और विविध विकल्प प्रदान करेगी।

निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि विवि सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों उपलब्ध करा रहा है। विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। वह अपने नियमित कोर्स के साथ एक अन्य विषय में माइनर डिग्री के पाठ्यक्रम मे प्रवेश ले सकते हैं और उन्हे उस विषय के लिए सर्टिफिकेशन भी प्राप्त होगा।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय। • हिन्दुस्तान

### सीधे पीएचडी प्रोग्राम में हिस्सा ले सकेंगे छात्र

प्रो. निगम ने बताया कि चार वर्षीय यूजी ऑनर्स की डिग्री उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जो न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा कर 4 साल के डिग्री पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे। पहले छह सेमेस्टर में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को चौथे वर्ष के दौरान स्नातक स्तर पर शोध करने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद छात्र सीधे पीएचडी प्रोग्राम में हिस्सा ले सकेंगे। यदि वे परास्नातक करना चाहेंगे तो उन्हे एक वर्ष में ही परास्नातक की उपाधि मिल सकेगी।

### छात्रों को मल्टीपल एंट्री, एग्जिट का विकल्प मिलेगा

एनईपी-2020 पहल के बारे में प्रो. निगम ने बताया कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे। प्रथम वर्ष के पूरा होने पर, एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को यूजी सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसी तरह दूसरे वर्ष के बाद एग्जिट विकल्प चुनने वालों को यूजी डिप्लोमा प्राप्त होगा। हालांकि, ऐसे विद्यार्थियों को पहले और दूसरे वर्ष के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चार-चार क्रेडिट का एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी पूरा करना होगा। इसके उपरांत न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 3-वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को यूजी डिग्री प्रदान की जाएगी। एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को तीन साल के भीतर डिग्री प्रोग्राम में फिर से प्रवेश करने और सात साल की कुल अधिकतम अवधि के भीतर डिग्री पूरी करने का विकल्प होगा।

### बी.टेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

बीटेक दाखिलों को लेकर प्रो. निगम ने स्पष्ट किया कि सभी बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा तथा इसका कार्यक्रम एचएसटीईएस की वेबसाइट www.hstes.org.in पर उपलब्ध रहेगा। विज्ञान, प्रबंधन एवं कला से संबंधित स्नातक पाठ्यक्रमों और सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर होगा। विश्वविद्यालय ने दाखिला संबंधी पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 7428954273 और ई-मेल admissionhelp@jcboseust.ac.in भी शुरू किया है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# TEHELKA JAZBA

## जेसी. बोस विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया की शुरूआत

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून**

**तहलका जज्बा / दीपा राणा**

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2023 है। एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि, विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी दिया जा रहा है। निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश कर रहा है। एनईपी-2020 पहल के बारे में उन्होंने कहा कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे। प्रथम वर्ष के पूरा होने पर, एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को यूजी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। इसी तरह दूसरे वर्ष के बाद एग्जिट विकल्प चुनने वालों को यूजी डिप्लोमा प्राप्त होगा। प्रो. निगम ने बताया कि चार वर्षीय यूजी ऑनर्स की डिग्री उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जो न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए 4 साल के डिग्री पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। पहले छह



सेमेस्टर में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चौथे वर्ष के दौरान स्नातक स्तर पर शोध करने (ऑनर्स विद रिसर्च) का अवसर मिलेगा। बीटेक दाखिलों को लेकर प्रो. निगम ने स्पष्ट किया कि सभी बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाओं के साथ दाखिला विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है।

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने प्रमुख प्रावधानों के साथ दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

### विश्वविद्यालय ने दिया तीन तथा चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम का विकल्प

### बीटेक को छोड़कर सभी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित



**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दाखिला शुरू, 20 तक कर सकेंगे आवेदन

## नई शिक्षा मीति के प्रावधानों को किया शामिल



एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दाखिलों की घोषणा कर दी है। पोर्टल के माध्यम से अलग-अलग सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, अंडर ग्रैजुएट व पोस्ट ग्रैजुएट कोर्स में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 20 जून तक जारी रहेगी। नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करते हुए यूनिवर्सिटी ने तीन व चार साल के ग्रैजुएट डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है। इससे छात्रों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। उन्हें ऑनर्स व ऑनर्स विद रिसर्च में चार साल की डिग्री करने का अवसर मिलेगा। छात्रों के लिए तीन साल की ग्रैजुएशन डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। छात्रों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री कोर्स को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को यूनिवर्सिटी सहित इससे संबंधित सभी कॉलेजों में लागू किया गया है। यूनिवर्सिटी नए सत्र में BSc विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलजी का नया कोर्स भी शुरू कर रही है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था छात्रों को अधिक लचीलापन व अधिक विकल्प प्रदान करेगी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

प्रफेसर आशुतोष निगम ने बताया कि बीटेक कोर्स में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (HSTES) की तरफ से आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग से किया जाएगा। इसका कार्यक्रम HSTES की वेबसाइट www.hstes.org.in पर उपलब्ध रहेगा। साइंस, मैनेजमेंट व आर्ट्स से संबंधित ग्रैजुएट व सभी पोस्ट ग्रैजुएट कोर्स में दाखिले यूनिवर्सिटी स्तर पर होंगे। पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 7428954273 व ईमेल admissionhelp@jcboseust.ac.in भी शुरू की है। सीटों की संख्या व प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाओं के साथ दाखिले की तारीखों का विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देख सकते हैं।

**60 से अधिक कोर्स ले सकते हैं दाखिल :** एडमिशन निदेशक प्रफेसर आशुतोष निगम ने बताया कि यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, अंडर व पोस्ट ग्रैजुएट स्तर के 60 से अधिक कोर्स में दाखिले दे रही है। तीन व चार साल के ग्रैजुएट डिग्री कोर्स में पढ़ने वाले छात्रों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे।

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# HADOTI ADHIKAR

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में दाखिले शुरू

## विश्वविद्यालय ने दिया तीन तथा चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम का विकल्प

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 30 मई। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है।

एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि, विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। एनईपी-2020 के प्रावधानों को सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय के साथ-साथ सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय आगामी सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी) के रूप में नया पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है।



छात्र-केंद्रित नई पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन और विविध विकल्प प्रदान करेगी। ऑनर्स, ऑनर्स विद रिसर्च, और माइनर-डिग्री प्रोग्राम को शामिल करने के विकल्प प्रदान करके, विश्वविद्यालय शिक्षा को और अधिक व्यवहारिक तथा विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में लचीलेपन से विद्यार्थियों के सीखने के दायरे में विस्तार होगा तथा उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एनईपी 2020 के क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के लिए समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश कर रहा है। एनईपी-2020 पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे।

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विवि ने एनईपी–2020 के प्रमुख प्रावधानों के साथ दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

बलदेव कुमार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है।

विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि, विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा।

इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। एनईपी-2020 के प्रावधानों को सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय के साथ-साथ सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय आगामी सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी) के रूप में नया पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। छात्र-केंद्रित नई पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन और विविध विकल्प प्रदान करेगी।

ऑनर्स, ऑनर्स विद रिसर्च, और माइनर-डिग्री प्रोग्राम को शामिल करने के विकल्प प्रदान करके, विश्वविद्यालय शिक्षा को और अधिक व्यवहारिक तथा विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश कर रहा है। एनईपी-2020 पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे। प्रो. निगम ने बताया कि चार वर्षीय यूजी ऑनर्स की डिग्री उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जो न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए 4 साल के डिग्री पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। विश्वविद्यालय ने दाखिला संबंधी पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर और ई-मेल भी शुरू किया है। पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाओं के साथ दाखिला विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**NEWS CLIPPING:31.05.2023**

# DAINIK BHASKAR

## जेसी बोस विवि में दाखिला शुरू, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय ने तीन व चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी।